कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

9, सरोजनी नायडू मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज-211001

विज्ञप्ति

माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा कक्षा 9 एवं 11 के विद्यार्थियों के अग्रिम पंजीकरण तथा कक्षा 10 एवं 12 के विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया प्रगति पर है। परिषद का सदैव यह प्रयास रहता है कि प्रदेश के प्रत्येक विद्यार्थी का शैक्षणिक विवरण पूरी तरह पारदर्शी, त्रुटिरहित और सुरक्षित रहे। इसी दिशा में, सरकार की मंशा के अनुरूप विद्यार्थियों के लिए 'वन नेशन, वन स्टूडेंट आईडी' यानी अपार आईडी (APAAR ID) की व्यवस्था की गई है। यह 12 अंकों की एक स्थायी डिजिटल पहचान है, जो विद्यार्थी की पूरी शैक्षणिक यात्रा (स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा तक) के क्रेडिट और रिपोर्ट कार्ड को एक स्थान पर सुरक्षित रखती है।

इसके माध्यम से विद्यार्थी के सभी सर्टिफिकेट (मार्कशीट, ट्रांसफर सर्टिफिकेट आदि) 'डिजीलॉकर' पर डिजिटल रूप से सुरक्षित रहेंगे, जिससे भविष्य में दस्तावेज खोने या खराब होने का डर नहीं रहेगा। सही विवरण और आंकड़ों के आधार पर विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति, कल्याणकारी योजनाओं और शैक्षणिक सुविधाओं का लाभ सीधे और बिना किसी बाधा के सुनिश्चित किया जा सकेगा। यद्यपि पंजीकरण व आवेदन पत्र भरते समय अपार आईडी का विवरण देना अनिवार्य नहीं है, किंतु विद्यार्थियों के व्यापक हित और उनके डिजिटल शैक्षणिक भविष्य को सुरक्षित करने के लिए परिषद सभी विद्यालय प्रधानाचार्यों, शिक्षकों एवं अभिभावकों से यह विशेष अनुरोध करता है कि सभी अभिभावक अपने बच्चों की अपार आईडी बनवाकर इसे अग्रिम पंजीकरण व परीक्षा फॉर्म में अवश्य दर्ज कराएं। विद्यालय प्रशासन इस कार्य में अभिभावकों का मार्गदर्शन एवं पूर्ण सहयोग करे।

अपार आईडी का निर्माण एक अत्यंत सरल और सुरक्षित प्रक्रिया है, जो अभिभावकों की सहमति से पूरी की जाती है। प्रधानाचार्य प्रयास करें कि अग्रिम पंजीकरण की अंतिम तिथि से पूर्व शत-प्रतिशत विद्यार्थियों की अपार आईडी प्रविष्ट हो जाए, और प्रदेश के विद्यार्थियों को डिजिटल रूप से सशक्त एवं उनके शैक्षणिक भविष्य को और अधिक सुगम व सुरक्षित बनाएं।

(भगवती सिंह)
सचिव

पृ०सं० : मा०शि०प०/सिस्टम सेल/ 801(1-7) दिनांक: 27 अगस्त, 2026

उक्त की प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:-

1. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि उक्त विज्ञप्ति को छात्रहित में अपने सम्मानित समाचार पत्र के समस्त संस्करणों में नि:शुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ०प्र०, लखनऊ।
3. शिक्षा निदेशक(मा०) एवं सभापति, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4. अपर राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा (मा०), उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
5. मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक/उप शिक्षा निदेशक, समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।
6. अपर सचिव, मा०शि०प०, क्षे०का०, मेरठ, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी एवं गोरखपुर।
7. जिला विद्यालय निरीक्षक, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ कि जनपद के प्रधानाचार्यों को निर्देशित कर उपर्युक्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करायें।

(भगवती सिंह)
सचिव

Office Phone No. 0532-2622767, 2623182, 2623820
Camp Office Phone No. 0532-2260220, 2256860
Helpline No. 1800-180-5310 & 1800-180-5312
Website- upmsp.edu.in
Email- upmspprayagraj@gmail.com & upmspho@gmail.com

Follow us :
@upboardpryj
Madhyamik Shiksha Parishad Uttar Pradesh